Title: Need to provide air-link to Ajmer city in Rajashtan.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : सभापति महोदया, अजमेर राजस्थान की हृदयस्थली है। यह नगर इतिहास, पर्यटन, शिक्षा एवं धर्म की दृटि से अत्यधिक महत्व रखता है। यहां पर सुप्रसिद्ध सूफी सन्त ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह, पुकर नामक सुप्रसिद्ध हिन्दुओं का तीर्थ तथा पर्यटन का महत्वपूर्ण केन्द्र, एशिया का सुप्र ासिद्ध मार्बल व्यवसाय का केन्द्र किशनगढ़ तथा सुप्रसिद्ध एवं पुरानी सैनिक छावनी नसीराबाद, भीलवाड़ा जैसा कपड़ा उद्योग का महत्वपूर्ण केन्द्र तथा नागौर जैसा ऐतिहासिक स्थल है, जहां देश विदेश से लाखों व्यक्तियों का आवागमन होता है। अजमेर रेलवे एवं सी.आर.पी.एफ. की दृटि से भी विशिट महत्व रखता है। अनिवासी भारतीय (एन.आर.आई.) विशोतः सिन्धी समुदाय के हजारों व्यक्तियों के यहां निवास हैं जो अफ्रीकी देशों तथा सिंगापुर, फिलीपीन्स, इंग्लैंड, अमेरिका, दुबई आदि देशों में कारोबार करते हैं और वा में कई बार उनका आना-जाना होता है। इन सभी दृटियों से अजमेर का वायूसेवा से जुड़ना आवश्यक है। परन्तु केन्द्र सरकार के अनेक आश्वासनों के बावजूद यहां हवाई अड्डा स्थापित नहीं हो पाया है।

अतः भारत सरकार से अनुरोध है कि अजमेर की महत्ता को देखते हुए इसे तुरन्त हवाई मार्ग से जोड़ने के लिए अजमेर के पास कायड़ नामक स्थान पर भूमि का अधिग्रहण कर हवाई अड्डे का निर्माण शीघ्र कराया जाये।